## एक नजर में

### बाबूलाल टेलर का देवलोकगमन

**ब्यावरा 07 जनवरी, का.** 
मुल्तानपुरा निवासी बाबूलाल टेलर लखनवास वाले का विगत दिवस देवलोकगमन हो गया. वह नपाकर्मी राजेंद्र नामदेव, कमलेश नामदेव, मुकेश नामदेव, लोकेश नामदेव एडवोकेट के पिताजी थे. उन्होंने स्वनिवास विराट नगर (खंडेलवाल जी की कॉलोनी) मुल्तानपुरा ब्यावरा में अंतिम सांस ली. अंतिम संस्कार मुल्तानपुरा स्थित मुक्तिधाम पर किया गया. बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, अभिभाषकगण, नपाकर्मी, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### फेकल्टी डेव्लपमेंट कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा 07 जनवरी, का.** शासकीय महाविद्यालय में साफ्ट कम्पोनेंट के अंतर्गत पांच दिवसीय फेकल्टी डेव्लपमेंट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. जिसका विषय वित्तीय एवं निवेश नियोजन रखा गया. कार्यक्रम क्रिस्प संगठन के सहयोग से संचालित किया जायेगा. प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता ने इस कार्यक्रम को सेवारत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये महत्वपूर्ण बताया. अपने भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं के दृष्टिकोण से निवेश योजनाओं का चयन करने में महत्वपूर्ण रहेगा. कार्यक्रम के समन्वयक प्रो प्रमोद कुमार खरे के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया गया. फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 10 जनवरी तक आयोजित चलेगा. जिसमें फाईनेंशियल मैनेजमेंट एंड प्लॉनिंग विषय पर क्रिस्प संस्था भोपाल के विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन कराया जाएगा. प्रशिक्षक ललित कुमार कुदेशिया ले आय और बचत के बारे में बताया. कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी आय के बेहतर उपयोग एवं इसके भविष्य के लिये इसके उपयोग से संबंधित योजना एवं महत्वपूर्ण टीप्स की जानकारी लेंगे.

### खिलचीपुर में सीएमओ ने ज्वाईन किया

**खिलचीपुर 07 जनवरी, सं.** खिलचीपुर में नगर परिषद सीएमओ के बार बार ट्रांसफर के बाद आज सोमवार को नपा सीएमओ देवनारायण दांगी ने पदभार संभालते हुए नगर रुके हुए विकास कार्य जानकारी लेते हुए एवं जन समस्या संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए. उन्होंने बताया कि नगर के लोगों की जन समस्या के लिए ही हम हैं हमारा काम लोगों की जन सेवा करना हैं खिलचीपुर नगर में लोगों की व्याप्त जन समस्याओं पर ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन अध्यक्ष पार्षद जनप्रतिनिधि के सहयोग से हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे. जहां पर आपसी तालमेल के साथ हर समस्याओं का निराकरण करेंगे. वहीं नगर में हुए घटिया निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के विकास कार्यों पर भी कार्यवाही कर नगर को स्वच्छ बनाने, ओर पीने योग्य शुद्ध पेयजल नगर वासियों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे. उल्लेखनीय है कि नगर परिषद में मार्च 2024 से दिसंबर 2025 तक, केवल 21 महीनों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आठ बार बदले जा चुके हैं. लगातार बदलाव से कार्यप्रणाली पर सवालों के घेरे में थी. सारंगपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे को सारंगपुर के साथ-साथ खिलचीपुर नगर परिषद का प्रभार सौंपा था. जो सारंगपुर के अतिरिक्त खिलचीपुर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी संभाल रहीं थी.

# दूसरे दिन 15 पीडीएस दुकानों को नोटिस

## खाद्यान्न में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद सत्यापन में मिला बड़ा अंतर, होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र परिवारों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.

कलेक्टर द्वारा 15 उचित मूल्य दुकानों को नोटिस थमाकर जवाब मांगा है. इनमें चौंसला, कोड क्रमांक 3203012, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति लिम्बोदा, विक्रेता मनोहरसिंह दांगी, उचित मूल्य दुकान फूलखेड़ी, कोड क्रमांक 3203038, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता गोपालसिंह की दुकान, उचित मूल्य दुकान गिंदोरी, कोड क्रमांक 3203090, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति टूनी के विक्रेता देवीलाल नागर की दुकान, उचित मूल्य दुकान प्रेमपुरा (भवानीपुरा), कोड क्रमांक 3203096, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता जगदीश तंवर की दुकान, उचित मूल्य दुकान कांसी, कोड क्रमांक 3203065, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति पीपलबेह के विक्रेता गोवर्धन तंवर की दुकान, उचित मूल्य दुकानकीलखेड़ा, कोड क्रमांक 3203022, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सिन्दुररिया के विक्रेता हरिनारायण यादव की दुकान, उचित मूल्य दुकान प्रेमपुरा(भवानीपुरा), कोड क्रमांक 3203092, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता मोहन सौंधिया की दुकान, उचित मूल्य दुकान मोतीपुरा, कोड क्रमांक 3203028, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति पीपलबेह के विक्रेता श्री धनसिंह की दुकान, उचित मूल्य दुकान पाडलीखाती, कोड क्रमांक 3203031, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता पवन गुर्जर की दुकान, उचित मूल्य दुकान प्रेमपुरा (भवानीपुरा), कोड क्रमांक 3203048, समिति सेवा सहकारी समिति खाण्डियापुरा के विक्रेता गोविन्द सिंह की दुकान, उचित मूल्य दुकान कलीखेडा, कोड क्रमांक 3203018, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता जगदीश तंवर की दुकान, उचित मूल्य दुकान गोलाखेड़ा, कोड क्रमांक 3203082, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता ओमप्रकाश की दुकान, उचित मूल्य दुकान मोरपीपली, कोड क्रमांक 3203001, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता रामबाबू परमार की दुकान, उचित मूल्य दुकान बाईहेडा, कोड क्रमांक 3203003, समिति प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति ओडपुर के विक्रेता अमृतलाल सेन की दुकान, उचित मूल्य दुकान करनवास, कोड क्रमांक 3203020, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति करनवास के विक्रेता रामबाबू यादव की दुकान, उचित मूल्य दुकान ओडपुर, कोड क्रमांक 3203030, समिति प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति ओडपुर के विक्रेता गिरवर सिंह की दुकान पर दुकान में दर्ज राशन और मशीन में दर्ज राशन की मात्रा में काफी अंतर पाया गया. जिला कलेक्टर ने नोटिस जारी करते हुए समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है. अन्यथा प्रकरणों में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी.




### 9 जनवरी तक मांगा जवाब, वरना एक पक्षीय कार्यवाही

इतने बड़े स्तर पर राशन में गड़बडी के मामले में संदेवनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर ने कार्यवाही को सख्ती से लिया है. उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 11, 13 एवं 18 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है. जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय है. साथ ही विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि वह 09 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे समक्ष में उपस्थित होकर अपना लिखित उत्तर मांगा गया है. नियत तिथि पर उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विक्रेता की होगी.



# ढाई डिग्री उछला पारा, ठण्ड से थोड़ी राहत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जनवरी, का. बुधवार को न्यूनतम तापमान में भले ही कुछ बढ़ोत्तरी हुई किंतु ठंड के प्रभाव का अहसास जरा भी कम नहीं लग रहा था. दिन भर जोर की ठंड का प्रभाव बना रहा.**

विदित है कि एक दिन पूर्व मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान रिकार्ड 2 डिग्री पर जा पहुंचा था. जो प्रदेश का सबसे कम तापमान रहा. साथ ही दो दशक में यह सबसे कम तापमान रहा.

**प्रदेश के पांच सबसे कम तापमान वाले शहर**–मौसम केन्द्र भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रदेश के पांच सबसे कम न्यूनतम तापमान वाले शहर इस प्रकार रहे. कल्याणपुर शहडोल 2.7 डिग्री, उमरिया 3.9, राजगढ़ एवं खजुराहो छतरपुर 4.5 डिग्री, शिवपुरी 5.0 एवं रीवा में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रहा.

### सुबह घना कोहरा छाया, शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन

**छापीहेड़ा 07 जनवरी, सं.** बुधवार की सुबह से कोहरे ने वातावरण को अपनी आगोश में लिया. शीत लहर के चलते लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते देखे गए. 4-5 दिनों से सर्दी बढ़ गई. दृश्यता कम होने से लोगों को 40-50 फीट भी नजर नहीं आ रहा था. इधर सर्दी का जोर भी बड़ा हुआ है जिससे लोगों को गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. कोहरे और ठंडी हवाओं का चलने से ठिठुरन का अहसास भी बढ़ता जा रहा है नगर व क्षेत्र सहित अंचल में सर्दी का जोर बढ़ गया है. खास बात यह है कि सुबह घना कोहरा छाया रहा.



# स्वेच्छा से अवैध कनेक्शन हटाने आगे आ रहे लोग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जनवरी, का. स्थानीय नगर पालिका द्वारा अवैध नल कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जा रहा है, अब लोग स्वयं अवैध नल कनेक्शन को हटवाने आगे आ रहे है.**

गौरतलब है कि इंदौर की घटना के बाद स्थानीय नपा द्वारा शुद्ध पेयजल सप्लाई व्यवस्था के मद्देनजर विशेष अभियान चलाते हुए पाइप लाइन एवं नल कनेक्शन लाइनो को चेक किया जा रहा है. इसी बीच अवैध नल कनेक्शन को भी डिसकनेक्ट किया जा रहा है. मंगलवार को ही 300 से अधिक अवैध कनेक्शन काटे गये.

**स्वेच्छा से हटा रहे कनेक्शन**–बुधवार को भी अवैध कनेक्शन काटने के अभियान के तहत जब टीम पहुंची तो कुछ लोगों का कहना था कि उन्हें आज का समय दिया जाये वह स्वयं अपने नल कनेक्शन के पाइप हटा लेंगे. विशेष बात यह है कि कई लोग स्वयं आगे आकर अवैध कनेक्शन हटा रहे है. उल्लेखनीय है कि इंदौर में दूषित पानी पीन से हुई मौतों के बाद स्थानीय नपा द्वारा पेयजल सप्लाई लाइनों को चेक किया जा रहा है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद का कहना है कि अवैध नल कनेक्शन को डिसकनेक्ट करने नपा का अभियान जारी है, कई जगह लोग स्वयं अवैध कनेक्शन हटाने आगे आ रहे है. साथ ही कई लोग अवैध कनेक्शन को वैद्य करवाने नपा भी पहुंच रहे है.

**नाली हो रही थी जाम**–अधिकांशत: अवैध नल कनेक्शन के पाइप नालियों में से होकर बिछे पाए गये, नाली में पाइप होने से पानी निकासी अवरुद्ध होकर नालियां भी जाम हो रही थी. साथ ही अवैध नल कनेक्शन हेतु बिछा रखे कई पाइपो के नाली, नाले के यहां क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी पाइप से होकर पेयजल सप्लाई लाइन में पहुंच रहा था. कई स्थानों पर मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी पहुंचने से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. इसको लेकर रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है.

### राज्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

**सारंगपुर 07 जनवरी, सं.** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सारंगपुर विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दी. इस आत्मीय मुलाक़ात के दौरान उन्हें वीरता, स्वाभिमान और नारी शक्ति की अमर प्रतीक रानी कमलापति जी की प्रतिमा भेंट की. भेंट के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय व जनसेवाभिमुख बनाने से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई.



# नेत्र शिविर में 145 की जांच, 70 का होगा ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जनवरी, का.** श्री अंजनीलाल मंदिर धाम परिसर में बुधवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमें 145 मरीजों की जांच की गई तथा दवाई, चश्में का वितरण किया. 70 मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया है. श्री सदगुरू संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के सहयोग से लगने वाले शिविर में आंखों का नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे. मंदिर धाम पर अगला शिविर 21 जनवरी बुधवार को लगेगा. शिविर के दौरान मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण व्यवस्थाओं में लगे रहे.





# रामजन्म की कथा सुनकर मनाया उत्सव

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 07 जनवरी, सं.** लोधी मोहल्ला के सामुदायिक भवन में विगत चार जनवरी रविवार से शरू हुई संगीतमयी रामकथा में कथा वाचक पण्डित शांतिलाल भार्गव ने रामजन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ को एक बार मन में अत्यंत ग्लानि हुई और वे ऋषि वशिष्ठ के पास गए और कहा की उनके कोई सन्तान नहीं है. तब राजा ने उनसे कहाकि आपके यहाँ चार पुत्रो का जन्म का जन्म होगा. कथा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओ ने रामजन्म उत्सव मनाया. इसी प्रकार कथा में श्री राम विवाह राम वन गमन केवट सम्वाद आदि प्रसंग मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किए. आयोजन कर्ता राधारानी महिला मंडल ने नगर के सभी धर्म प्रेमियों सज्जनों माताओं से कथा श्रवण की अपील की है. कथा का समापन बारह जनवरी को होगा. बुधवार को कथा में पंडित नवल किशोर शर्मा, श्याम पालीवाल, मोहन लोधी, कामेश नामदेव आदि में पहुंचकर आचार्य जी से आशीर्वाद लिया.

# आशापुरा भक्त, वयोवृद्ध पुजारी मोहनदास बैरागी दिवंगत

### रथ के शुभारंभ की आरती इन्हीं के द्वारा होती थी

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 07 जनवरी, सं.** वर्षो तक मां आशापुरा के रथ की आरती करने वाले, नगर के वयोवृद्ध पुजारी मोहनदास बैरागी का गत दिवस निधन हो गया. वे बाजार मंदिर के पुजारी गौरव और दीपक बैरागी के दादाजी थे. उनके पुत्र का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था. वे अपने दोनों पोतों के साथ रहते थे. नगर के धार्मिक आयोजन में अपना विशेष मार्गदर्शन देने वाले मोहनदास बैरागी का अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर पूरे रीति रिवाज के साथ किया गया. उनकी अंतिम यात्रा में धार्मिक संस्थाओं, मंदिरों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. मोहनदास बैरागी भूमिगत जल के स्त्रोत को लेकर भी मार्गदर्शन देने के लिए क्षेत्र में जाने जाते थे. उनके बताए हुए कई स्थानों पर जलराशि प्रचुर मात्रा में मिलती थी. लोग उन्हें इस लिहाज से भी जानते थे. वहीं प्रतिवर्ष प्रसिद्ध मां आशापुरा के रथ के शुभारंभ में आरती इन्हीं के द्वारा की जाती थी.



**किसानी** फसलों के लिए अनुकूल मौसम लेकिन किसानों को रखना होगा ध्यान, कृषि विभाग ने दिए टिप्स

# कड़ाके की ठंड, पाले से फसलों को बचाने एडवायजरी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 07 जनवरी, का. 2 डिग्री पर जा पहुंचे पारे के बीच कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों को कंपकपा दिया है, वहीं यह जोर की ठंड खेतों में लहलहा रही फसलों के लिए काफी बेहतर होकर वरदान मानी जा रही है.**

कृषि विभाग के अनुसार वर्तमान मौसम फसलों के लिए काफी अनुकूल है, इससे गेहूं, चना फसलों को काफी फायदा पहुंचेगा. फसलों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी की संभावना है. कृषि विभाग के उप संचालक सचिन जैन के अनुसार वर्तमान में जो मौसम है वह फसलों के लिए काफी फायदेमंद है. अनुकूल मौसम से फसलों की स्थिति काफी बेहतर है.

**बेहतर फसलों के बीच पाले से बचाने के उपाय**–वर्तमान में जहां फसलों की स्थिति बेहतर है वहीं शीतलहर का दौर भी चल रहा है, शीतलहर के कारण पौधे की पत्तियां व फूल झुलस जाते है, शीतलहर का अत्यधिक प्रभाव दलहनी तिलहनी, धनिया, मटर व आलू की फसलों पर पड़ता है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसान भाईयों को पाले से फसलों की सुरक्षा एवं सर्तकता हेतु सलाह दी गई है.

रात्रि के समय न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिगी या इससे भी कम हो रहा है, इससे फसल, पौधों की पत्तियों पर बर्फ की पतली परत जम जाती है. इसी परत को पाला कहते है, पौधों की पत्तियों पर पाले का प्रकोप अधिकांशत: रात 12 से सुबह 4 बजे के बीच होता है. पाले से प्रभावित फसल व पौधों की पत्तियों पर पानी की बूंद जमा हो जाती है, पत्तियों की कोशिका भित्ति फट जाती है जिससे पत्तियां सूखकर झड़ने लगती है.



**खेत की मेडो पर धुंआ करने की सलाह**– उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सचिन जैन के अनुसार रात्रि में खेत की मेडो पर लगभग 6 से 8 स्थानों पर कचरा तथा खरपतवार आदि जलाकर धुंआ करें, यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि धुंआ सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए. इस प्रकार धुंआ करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है. पाले भी संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिए, इससे मिटटी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है.

**रस्सी से हो सकती है पाले से सुरक्षा**– रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है. इसके लिए दो व्यक्ति सुबह-सुबह जितनी जल्दी हो सके एक रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल हो हिलाते चलना है इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है.

इसके अतिरिक्त 8 से 10 कि. ग्रा. सल्फर डस्ट प्रति एकड़ का भुरकाव अथवा वेटेबल या घुलनशील सल्फर 20 ग्राम या ग्लकोस पाउडर 500 ग्राम बनाकर या प्रति थायो यूरिया 500 ग्राम या पोटेशियम सल्फेट (0-0-50) 200 लीटर पानी में घोल छिड़काव करें. साइकोसिल 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करें.

### पीले चावल देकर हिन्दू सम्मेलन में आने का आमंत्रण

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 07 जनवरी, का.** 11 जनवरी को नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है. सकल हिंदू समाज एवं आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. घर- घर पहुंचकर आमंत्रण दिया जा रहा है. जगह-जगह ध्वज, बैनर एवं पोस्टर लगाए जा रहे है. सम्मेलन में आमंत्रण देते हुए पीले चावल का वितरण किया जा रहा है. आयोजन समिति के अनुसार 11 जनवरी को ब्यावरा नगर के आठ स्थानों पर एक साथ एवं एक ही समय हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा. बुधवार को महाराणा प्रताप बस्ती में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया. कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए और लोगों को 11 जनवरी को प्रात: 11 बजे मानस स्कूल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया. शिवाजी नगर, तुलसी नगर, सुदामा नगर, कोली मोहल्ला, पंचशील कॉलोनी, राजगढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में संपर्क किया गया. **आयोजन को भव्य बनाने तैयारियां**– आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है. समिति के अनुसार सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे. कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा. हिंदू सम्मेलन को साधु-संत एवं समाज के प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे, जो समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देंगे. आयोजन समिति द्वारा धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

